हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 कमलापुर के जंगल पर माफियाओं का कब्जा !...



07 ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों ने कर्ज माफी...



### अहिंसा व करुणा के अवतार का जन्मकल्याणक, रजत पालकी में श्रीजी को किया विराजित

# भगवान महावीर के जयकारों के साथ दिगंबर जैन समाज ने नगर में निकाला चल समारोह





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

● समाज की महिलाएं सिर पर मंगल कलश लिए हुई शामिल



त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की, महावीर स्वामी का शुभ संदेश जियो और जीने दो जैसे धार्मिक जयकारे लगाते हुए स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा सत्य, अहिंसा, करुणा व अपरिग्रह जैसे सिद्धान्तों की प्रतिमूर्ती, मानवता का पथ आलौकिक करने वाले जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस पर नगर में चल समारोह निकाला गया। वहीं श्वेतांबर जैन समाज द्वारा आज नगर में जन्म कल्याणक पर रथ यात्रा निकाली जाएगी।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का जन्मकल्याणक सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 9.30 बजे चौक बाजार स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिरजी से नगर में चल समारोह निकाला गया। जिसमें श्रीजी को रजत पालकी में विराजित किया गया था। पालकी को समाज के युवा पूजा के वस्त्र धारण कर कंधों पर लेकर चल समारोह में शामिल थे। वहीं लाभार्थी परिवार की महिलाएं सिर पर स्वर्ण एवं रजत कलश धारण करके चल रही थीं। चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज जनों तथा महिलाओं द्वारा भाग लिया गया। जो हाथों में धर्म ध्वज लेकर भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रमुख मार्गों से चल समारोह नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा जहां से कलश भर कर लाए गए तथा मंदिर जी में श्रीजी का अभिषेक किया गया। जन्म कल्याण के अवसर पर मंदिरजी में श्री जी का पूजन तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी समाजजनों द्वारा किए गए।

#### महावीर जन्म कल्याण आज भी मनाया जाएगा

साध्वी लयस्मिता श्रीजी मसा के सानिध्य में मंगलवार प्रातः 9 बजे श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर से परमात्मा की रथ यात्रा प्रारंभ होगी। जन्म कल्याणक के अवसर पर प्रातः 6:45 बजे मंदिरजी से जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप एवं जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप युवा यूनिक द्वारा नगर में प्रभात फेरी भी निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे मंदिरजी में जन्म कल्याणक पूजन श्री चंदा प्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। इसके पूर्व दोपहर 12 बजे जैन श्वेतांबर धर्मशाला में साधार्मिक वात्सल्य का आयोजन भी रखा गया है। रात्रि 8 बजे प्रतिक्रमण के बाद जिन मंदिरजी में परमात्मा की महाआरती का कार्यक्रम होगा। लाभार्थी परिवार द्वारा परमात्मा की महाआरती की जाएगी।

#### त्रिदिवसीय धार्मिक महोत्सव चल रहा

भगवान महावीर स्वामी के 2625 वें जन्मकल्याणक महोत्सव पर स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में त्रिदिवसीय धार्मिक महोत्सव चल रहा है। इसके तहत आज नगर में रथयात्रा निकाली जाएगी। छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणि मनोहर श्रीजी म.सा. की शिष्या साध्वी लयस्मिता श्रीजी मसा आदि ठाणा 05 की पावन निश्रा और प्रेरणा से भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर त्रिदिवसीय महोत्सव का आयोजन चल रहा है। आयोजन के तहत रविवार को प्रातः 6:15 बजे लाभार्थी परिवार द्वारा परमात्मा का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। प्रातः 9:30 बजे प्रवचन एवं महापुरुषों की वेशभूषा पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सोमवार को प्रातः परमात्मा का अभिषेक व शांति धारा लाभार्थी परिवार द्वारा मंदिरजी में की गई। प्रातः 8:30 से 10:30 बजे तक परमात्मा का संगीतमय स्नात्र महोत्सव इंद्र इंद्राणियों द्वारा साध्वीजी की निश्रा में मंदिरजी में भावपूर्वक हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। रात्रि 8 बजे परमात्मा का पालना झुलाओ के साथ भक्ति संध्या का कार्यक्रम हुआ। इसमें समाज के बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दी।

### नर्मदा से रेत निकालते समय नाव पलटने से सीलकंठ घाट पर डूब गए थे बिहार से आए दो युवक

# एसडीआरएफ टीम ने 36 घंटे की मशक्कत, नर्मदा में 2 किमी दूर मिले दो युवकों के शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र के सीलकंठ नाव घाट पर नर्मदा नदी में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। रेत निकालने के दौरान नाव पलटने से डूबे दो युवकों के शव 36 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह बरामद किए गए। एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर टीगाली घाट के किनारे दोनों शवों को खोज निकाला। शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और नर्मदा तट पर मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे बिहार के पूर्णिया जिले से आए चार युवक सीलकंठ घाट पर नाव के माध्यम से रेत निकालने का काम कर रहे थे। काम खत्म कर लौटते समय अचानक मौसम बिगड़ गया। तेज हवा और उफनती लहरों के बीच नाव असंतुलित होकर बीच धारा में पलट गई, जिससे चारों युवक गहरे पानी में समा गए।

हादसे में मुकेश कुमार और सोनू कुमार ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह तैरकर अपनी जान बचा ली, लेकिन लड्डू कुमार (24) और रंजीत कुमार (36) नदी की तेज धारा में बह गए और लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना भैरुंदा पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। दो दिनों तक लगातार नदी में सघन सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन लापता युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। तीसरे दिन रविवार सुबह टीगाली घाट के पास दोनों शव पानी में तैरते हुए दिखाई दिए। टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकाला और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज हवा, अचानक उठी ऊंची लहरें और नाव का असंतुलित होना सामने आया है। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ द्वारा लगातार सर्चिंग की गई, जिसके बाद रविवार सुबह दोनों शव बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परिजनों के बयानों के आधार पर की जाएगी। इस घटना का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि चारों युवक महज चार दिन पहले ही काम की तलाश में बिहार से यहां आए थे। उन्हें रेत निकालने का काम मिला था और वे नई उम्मीदों के साथ जीवन की शुरुआत करना चाहते थे, लेकिन अचानक आए इस हादसे ने दो जिंदगियां छीन लीं।

## जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है : मंत्री प्रहलाद पटेल



**सीहोर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बुधनी जनपद की ग्राम पंचायत जोशीपुर में गुंजरी नर्मदा संगम घाट पर जनभागीदारी के माध्यम से किए जा रहे स्वच्छता सेवा कार्य का निरीक्षण किया और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता और जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर प्रयास करें तो स्वच्छता और जल संरक्षण के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक अभियान नहीं बल्कि जनआंदोलन है, जिसे हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझकर अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल स्रोतों को संरक्षित नहीं करेंगे, तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। मंत्री पटेल ने ग्रामीणों से कहा कि वे वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग और जल स्रोतों की नियमित साफ-सफाई पर ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक समाज ही समृद्ध और सशक्त समाज की नींव रखता है। इस अवसर पर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर चार दिवसीय महोत्सव प्रारंभ



**नलखेड़ा।** नगर में स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर चार दिवसीय महोत्सव सोमवार से प्रारंभ हो गया। हनुमान जयंती के अवसर पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर सोमवार से अभिषेक का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जोकि 2 अप्रैल तक जारी रहेगा। महोत्सव अंतर्गत बुधवार को 24 घंटे का रामायण पाठ प्रारंभ होगा। गुरुवार को हनुमान जयंती के अवसर पर हवन, महाआरती, रामधुन एवं संगीतमयी सुंदरकांड का आयोजन होगा।

## जमोनिया से मिला युवक का शव



**सीहोर।** जिले के लिए पिछला 48 घंटा हादसों भरा रहा। मंडी क्षेत्र के जमोनिया तालाब में डूबे 18 वर्षीय युवक का शव दो दिन बाद बरामद कर लिया गया है। जिले के दो अलग-अलग क्षेत्रों में हुई इन घटनाओं से मातम पसरा हुआ है। बता दें मंडी निवासी 18 वर्षीय आर्यन सूर्यवंशी शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ जमोनिया तालाब में नहाने गया था, जहां वह गहरे पानी में समा गया था। शुक्रवार शाम से ही पुलिस और गोताखोरों की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही थी। रविवार सुबह तालाब की सतह पर शव उतराता हुआ मिला। पिछले दो दिनों से उम्मीद लगाए बैठे परिजनों का शव देखते ही सब्र का बांध टूट गया। आर्यन की मौत से पूरे मंडी क्षेत्र में शोक की लहर है।



## कामदा एकादशी पर हुआ भजन महोत्सव का आयोजन



**नलखेड़ा।** कामदा एकादशी पर नगर के वार्ड क्रमांक 5 में स्थित श्री दास हनुमान मंदिर पर एकादशी भजन महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें देर रात्रि तक भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन महोत्सव के पूर्व हनुमान जी की महाआरती की गई एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर दास हनुमान का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया था।

### जैन पत्रकार अवार्ड समारोह में नगर के वरिष्ठ पत्रकार सकलेचा का हुआ सम्मान

# ‘पत्रकार का दायित्व समाज को सही दिशा दिखाना भी है’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





जैन पत्रकार परिषद के तत्वावधान में प्रदेश में पहली बार जैन पत्रकार अवार्ड समारोह का आयोजन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में रविवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में नगर के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सकलेचा का सर्वप्रथम जैन पत्रकार अवार्ड से सम्मान किया गया। रविवार को उज्जैन में महाकाल मंदिर के पीछे स्थित शंकराचार्य मठ में जैन पत्रकार अवार्ड समारोह का आयोजन आचार्य श्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वर महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। समारोह में प्रदेश भर से सैकड़ों जैन पत्रकारों के साथ राजस्थान, महाराष्ट्र व गुजरात प्रांत से भी समाचार पत्रों के संपादक व वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया।

समारोह में समस्त पत्रकारों का सम्मान किया गया, वहीं चयनित पत्रकारों को जैन पत्रकार अवार्ड से कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी बाबुलाल धनराज डोडिया गांधी परिवार धूम्बडीया अहमदाबाद गुजरात एवं जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ तथा अन्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में जैन पत्रकार अवार्ड से विगत 40 वर्षों से पत्रकारिता कर रहे नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं तहसील प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा का सम्मान किया गया। समारोह में नगर नगर के पत्रकार ऋषि सकलेचा, मोहित फाफरिया, निलेश लोढ़ा भी शामिल हुए।

#### समाज का दर्पण होता है पत्रकार : आचार्यश्री

पत्रकार समाज का दर्पण होता है, जो समाज की वास्तविक तस्वीर को सबके सामने रखता है। पत्रकार का दायित्व केवल समाचार देना नहीं है, बल्कि समाज को सही दिशा दिखाना भी है। महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित यहां कार्यक्रम जैन पत्रकारों को एक मंच पर लाना, उनके कार्य को पहचान और समाज में सकारात्मक एवं जिम्मेदारी पूर्ण पत्रकारिता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। रविवार को उज्जैन में आयोजित जैन पत्रकार परिषद के अवार्ड समारोह व महासम्मेलन में उक्त विचार आचार्य भगवंत सहित अन्य वक्ताओं द्वारा व्यक्त किए गए। जैन पत्रकार परिषद के इस अवार्ड समारोह में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में उपस्थित पत्रकारों के लिए विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप, डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, फेक न्यूज की चुनौती, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिकता पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता केवल खबर तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह समाज को दिशा देने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन देकर एकजूटता का संदेश दिया।

#### 11 चयनीत वरिष्ठ पत्रकारों को विशेष अवार्ड से सम्मानित किया

आयोजन के दौरान निणार्यक समिति द्वारा चयनित प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए पत्रकारों में से 11 वरिष्ठ पत्रकारों जिसमें विजय गोखरू बड़नगर, राजेंद्र सकलेचा नलखेड़ा, सुजानमल कोचट्टा जावरा, जवाहर डोसी महिदपुर, अभय सुराणा जावरा, राहुल जैन नीमच, कपिल पारीख मांडव, विनोद शाह विदिशा, गौरव दुग्गड़ चापड़ा,संदीप फाफरिया उज्जैन आदि का शील्ड के साथ शाल व मोतियों की माला से मंच के माध्यम से आचार्यश्री की उपस्थिति में संपूर्ण आयोजन के लाभार्थी व प्रमुख अतिथि शाह बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी परिवार (अहमदाबाद) द्वारा सम्मानित किया गया। अवार्ड सम्मान समारोह के अंत में जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### खेड़ापति सरकार का होगा आकर्षक श्रृंगार


**देवास।** समस्त श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी दर्शन उपाध्याय ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को विशेष और आकर्षक बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व मंदिर को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया जाएगा। साथ ही रंग-बिरंगे फूलों से भव्य फूल बंगला तैयार किया जाएगा। बाबा का अलौकिक श्रृंगार भी किया जाएगा। उत्सव के दिन सुबह 5.30 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद दिनभर मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुले रहेंगे।

### महाआरती एवं विशाल भंडारा 2 अप्रैल को

**देवास।** रेवाबाग स्थित बाल हनुमान मंदिर प्रांगण में आगामी 2 अप्रैल, गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री बाल हनुमान सेवा समिति, रेवाबाग द्वारा महाआरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। समिति अध्यक्ष कुंदन मालवीय पहलवान ने बताया कि कार्यक्रम शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना करेंगे। आयोजन के बाद भक्तों के लिए प्रसादी के रूप में भंडारे की व्यवस्था की गई है।

### हाईवे किनारे ही कट रहे सागवान, फिर भी कार्रवाई नहीं, कमलापुर वन क्षेत्र में खुला खेल

# कमलापुर के जंगल पर माफियाओं का कब्जा! सागवान की अंधाधुंध कटाई, वन विभाग बेखबर या मिलीभगत?



कागजों में हरा-भरा, जमीन पर उजड़ा जंगल,जिम्मेदारों की चुप्पी पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

प्रदेश सरकार जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए करोड़ों रुपये पौधारोपण पर खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। रेंज जिनवाणी की सब रेंज कमलापुर में जंगल तेजी से उजड़ता जा रहा है, और जिम्मेदार विभाग इस पर प्रभावी रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। सब रेंज कमलापुर अंतर्गत सागवान जैसे कीमती पेड़ों की बड़े पैमाने पर अवैध कटाई की जा रही है। आरोप है कि यह पूरा खेल वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहा है, जिसके चलते माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

#### कक्ष क्र. 784 बना अवैध गतिविधियों का केंद्र

सूत्रों के मुताबिक, कक्ष क्रमांक 784 में अवैध कटाई और अतिक्रमण सबसे ज्यादा हो रहा है। हमारी टीम द्वारा सोमवार को किए गए मौके के निरीक्षण में चौंकाने वाली स्थिति सामने आई। जंगल के अंदर बड़े-बड़े सागवान के पेड़ काट दिए गए हैं, कई स्थानों पर ताजा कटाई के निशान दिखाई दिए, वहीं कटे हुए लकड़ी के गट्ठर भी मौके पर मौजूद थे।



#### जंगल में बस गईं झोपड़ियां

स्थिति सिर्फ पेड़ों की कटाई तक सीमित नहीं है। अवैध अतिक्रमण कर जंगल की जमीन पर झोपड़ियां बना ली गई हैं, उसे खेती योग्य बनाने की कोशिश की जा रही है। इससे साफ है कि यह कोई एक-दो दिन की गतिविधि नहीं, बल्कि लंबे समय से सुनियोजित तरीके से चल रहा अवैध कब्जे का खेल है।

#### हाईवे किनारे हो रहा खेल

चौंकाने वाली बात यह है कि कक्ष क्रमांक 784 इंदौर-बैतूल हाईवे से लगा हुआ है। इसके बावजूद भी माफिया बेखौफ होकर मशीनों से पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। दिनदहाड़े चल रही इस अवैध गतिविधि से यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर जिम्मेदारों की नजर यहां तक क्यों नहीं पहुंच रही, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है।

#### कागजों में ही सुरक्षित जंगल

स्थानीय स्तर पर अवैध कटाई और अतिक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारी कागजों में ही जंगल को सुरक्षित दिखाने में लगे हुए हैं। जमीनी हकीकत यह है कि पूरा जंगल अंदर से खोखला होता जा रहा है और अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले समय में यह क्षेत्र पूरी तरह से उजड़ सकता है।

#### ग्रामीणों में नाराजगी, कार्रवाई की मांग

स्थानीय ग्रामीणों में भी इस स्थिति को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो जंगल पूरी तरह खत्म हो जाएगा और पर्यावरण पर इसका गंभीर असर पड़ेगा।

**कराई जाएगी जांच**

लगातार जंगल की समीक्षा की जा रही है। यदि इस प्रकार का मामला सामने आया है तो इसकी जांच कराई जाएगी।"

**अंकित जामोद,** एसडीओ, वन विभाग बागली

### महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने रैली निकालकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**भौरासा।** सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में रैली निकाल कर ज्ञापन नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि गेहूं 4000 रुपए प्रति कुंटल होना चाहिए। गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता,बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी के विरोध में सोमवार को 11:00 बजे स्थान छोटे हनुमान चौक भौरासा में कांग्रेसी एकत्रित होकर एक रैली के रूप में भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय पहुंचे। जहा पर भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी के नेतृत्व में सोपा गया। ज्ञापन का वाचन पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ,पार्षद भादर सिह भाटिया, पार्षद अफजल मंसूरी, पार्षद गुलरेज मदनी, अर्जुन गुर्जर मिर्जापुर ,मुकेश सोलंकी, जितेंद्र यादव, चांद भाई, पूर्व पार्षद रामेश्वर यादव, दिलीप धाकड़, उमेश धाकड़, अनिल धाकड़ आदि लोग मौजूद रहे।

## चैत्र नवरात्र के बाद माता टेकरी की दान पेटियां खोली गईं, भक्तों से 13.34 लाख का मिला दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



चैत्र नवरात्र के समापन के बाद सोमवार को माता टेकरी स्थित मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा मंदिरों की दानपेटियां खोली गईं। इस दौरान दोनों मंदिरों की कुल 19 दानपेटियों की गिनती की गई।दानपेटियों से कुल 13 लाख 34 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही सिंगापुर का 2 डॉलर का नोट, 2000 रुपए के तीन और 1000 रुपए का एक पुराना नोट भी मिला। वहीं चांदी के आभूषण, एक मोती और मनोकामनाओं से जुड़े कई पत्र भी दान में प्राप्त हुए।दान राशि की गिनती की पूरी प्रक्रिया तहसीलदार सपना शर्मा की निगरानी में सुबह से शाम तक चली। गिनती के दौरान प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा।उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र के दौरान माता टेकरी पर दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान बड़ी मात्रा में दान अर्पित किया गया।तहसीलदार सपना शर्मा के अनुसार, 19 दानपेटियों से कुल 13 लाख 34 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसमें सिक्के भी शामिल हैं।

## पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाईः 84 सिमकार्ड एक ही फोटो से जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिकेशन से प्राप्त फर्जी सिम के चेहरे यूनिक फेस वाले व्यक्ति एवं मिली भगत में सम्मिलित पीओएस धारक एजेंटो के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु "ऑपरेशन F.A.C.E." प्रारंभ किया गया है । जिस पर से जिला देवास में उक्त गतिविधी में संलिप्त व्यक्तियों पर पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही की गईडीओटी द्वारा वर्ष 2023 में AI आधारित Facial Recognition Tool (ASTR) के माध्यम से फर्जी मोबाइल सिम धारकों का डाटा उपलब्ध कराया गया। विश्लेषण में पाया गया कि एक ही व्यक्ति के चेहरे यूनिक फेस का उपयोग कर 50 से अधिक मोबाइल नंबर अलग-अलग नाम एवं पते से सक्रिय किए गए। जिसमें राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदत्त डाटा के अनुसार वर्ष 2020 से 2022 के मध्य एक ही व्यक्ति के चेहरे पर कुल 84 सिम कार्ड एक्टिवेट किए गए । इनमें से अधिकांश सिम वर्तमान में अन्य व्यक्तियों के नाम पर संचालित पाए गए । टेलीकॉम कंपनी द्वारा जानकारी दी गई कि 3 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय मोबाइल नंबरों के सीएफ उपलब्ध कराना संभव नहीं है। उपलब्ध 84 में से केवल 16 CAF ही प्राप्त हो सके ।जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि आरोपी द्वारा एक ही व्यक्ति की पहचान का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से 84 सिम कार्ड जारी कराए गए, जिससे अवैध लाभ प्राप्त किया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर आरोपी अबरार उर्फ अरबाज उर्फ अब्दुल निवासी गंधर्वपुरी, थाना सोनकच्छ, जिला देवास एवं अन्य के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 180/30.03.2026 धारा 420 IPC,66 (C) IT Act,42(3)(e), 42(6) दूरसंचार अधिनियम 2023 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । अग्रिम कार्यवाही मे यह भी पता लगाया जावेगा कि उक्त सिमकार्ड वर्तमान में किन परिस्थितियों में है।

## गर्भवती पत्नी की सोनोग्राफी नहीं होने पर नाराज पति ने की मारपीट, पत्नी ने लगाए दुर्व्यवहार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अस्पताल में मारपीट और विवाद का मामला सामने आया। जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग में स्थित सोनोग्राफी कक्ष के सामने डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों ने मारपीट की। घटना के विरोध में अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने कुछ समय के लिए काम बंद कर दिया और इमरजेंसी के सामने एकत्रित होकर नारेबाजी की। दरअसल सोमवार सुबह करीब 10 बजे अमजद शेख आनंदनगर निवासी अपनी पत्नी की सोनोग्राफी कराने के लिए अस्पताल आए थे। सोनोग्राफी सेंटर में नर्स प्रियंका जोगलेकर ने उन्हें कहा कि डिलीवरी की तारीख अभी दूर है और उन्हें 28 अप्रैल को सोनोग्राफी कराने की सलाह दी, लेकिन इसको लेकर विवाद हो गया। इस बात से अमजद शेख नाराज हो गए और विवाद करने लगे। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजहर शेख कक्ष से बाहर आए और उन्होंने युवक अमजद शेख को समझाया, लेकिन अमजद ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी।कुछ समय तक झूमाझटकी होती रही। गार्ड और अन्य लोगों ने स्थिति को संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला शांत करवाया और अमजद को थाने ले जाया गया। डॉक्टरों ने कोतवाली थाने पहुंचकर अमजद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मामले में अमजद की पत्नी का कहना है कि महिला डॉक्टर दी गई तारीख पर सोनोग्राफी नहीं की गई और उन्होंने हमारे साथ दुर्व्यवहार किया।कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है।

### बिजली दरों और गैस सिलेंडर पर बढ़ोतरी के विरोध में शहर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

# नारेबाजी कर कांग्रेस ने मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महंगाई के विरोध में शहर कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बिजली दरों में 4.80% वृद्धि तथा गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की गई। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए, इसके बाद प्रदेश सरकार ने लगभग सवा करोड़ बिजली उपभोक्ताओं पर 4.80% की वृद्धि का बोझ डाल दिया।

नए टैरिफ के अनुसार छोटे उपभोक्ताओं को हर महीने लगभग 85 रुपये अतिरिक्त देने होंगे, जबकि 500 यूनिट खपत करने वालों पर करीब 213 रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहले से ही गैस, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण आम जनता परेशान है और महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि करना आम नागरिकों के हित में नहीं है। प्रयास गौतम ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार से त्रस्त हो चुकी है। महंगाई के कारण लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही बढ़ी हुई बिजली दरें और गैस सिलेंडर के दाम वापस नहीं लिए, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय और प्रदीप चौधरी ने भी संबोधित किया तथा बढ़ी हुई दरों की निंदा करते हुए उन्हें शीघ्र वापस लेने की मांग की। इस दौरान रेखा वर्मा, नजर शेख, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, रितेश त्रिपाठी, दीपेश कानूनगो, नरेंद्र यादव, प्यारे मियां पठान, महेंद्र घारू, जितेंद्र सिंह गौड़, अनिल गोस्वामी, रूपेश कल्याने, प्रतीक शास्त्री,धीरज कल्याने, हरीश गजधर, दिलीप परमार, नईम अहमद, हिम्मत सिंह चावड़ा, साधना प्रजापति, राजा पडियार, अविनाश जेठवा, अजय सिंह रघुवंशी, शाहिद मोदी, चंद्रपाल सिंह, छोटू, रईस कामदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## 11 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

कमलापुर पुलिस ने मारपीट संबंधी प्रकरण में 11 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि ऑपरेशन हवालात के तहत बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया जा रहा है। मीणा ने बताया कि इसी कड़ी में 25 आर्म्स एक्ट का आरोपी जितेंद्र पिता देवीलाल उम्र 22 निवासी मातमौर थाना कमलापुर लगभग 11 वर्ष से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था।

ऑपरेशन हवालात के तहत विशेष टीम गठित कर मुखबिर कि सूचना के आधार पर फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर बागली न्यायालय पेश किया गया।

## खबर संक्षेप

### युवक को पकड़ा, 45 क्वार्टर शराब बरामद

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अधिक मात्रा में देसी शराब लेकर बेचने के उद्देश्य से जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक मैरिज गार्डन के पास घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम थाना बार के ग्राम खेवरा व हाल लेडियापुरा निवासी रामकुमार राजपूत पुत्र प्रताप सिंह बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 200 एमएल के कुल 45 क्वार्टर देसी शराब बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शराब को सस्ते दाम पर खरीदकर अधिक कीमत पर बेचने का काम करता है। बरामद शराब के संबंध में कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत न करने पर पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की गयी।

### शराब दुकान हटाने की मांग की

**ललितपुर।** थाना जखौरा के ग्राम सतगता की कई महिलाओं ने जिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर गांव से देशी शराब की दुकान हटाने की मांग की। मांग करते हुए उन्होंने कहा कि शराब सेवन के कारण कई गरीब परिवार तबाह हो गए हैं। शराब पीकर पुरुष सदस्य महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, जिसके चलते महिलाओं में भय व्याप्त है, महिलाएं मेहनत मजदूरी करके जो पैसा लाती है पुरुष उसे छीनकर शराब पी लेते हैं और महिलाओं को परेशान करते हैं। गांव के परिवारों का माहौल खराब होने से छोटे छोटे बच्चे और बच्चियों पर गलत असर पड़ रहा है। उन्होंने कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन अभी तक दुकान नहीं हटाई गई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि दुकान को नही हटाया गया तो महिलाएं 1 अप्रैल से आंदोलन करने को विवश होंगी, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। महिला सशक्तीकरण का जो प्रधानमंत्री का विजन है उसे गांव की शराब की दुकानें पलीता लगा रही हैं।

### सरस्वती विद्या मंदिर में गणित उत्सव मनेगा

**ललितपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत अध्यक्ष जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं उपाध्यक्ष मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की सहमति एवं निर्देशन में एवं सचिव/जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश मार्गदर्शन में आगामी 31 मार्च 2026 को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी में गणित उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, गणित मॉडल प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम/प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश ने कहा कि समस्त राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्य को आदेशित कर दिया है। इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के भी कक्षा 6-8 तक के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे।

### चाय दुकान पर विवाद में मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में चाय-नाश्ते की दुकान को लेकर हुए विवाद में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद एवं कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवगढ़ रोड निवासी राजेश कुमार ने कोतवाली थाने में दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे उसकी चाय-नाश्ते की दुकान पर राहुल रायकवार नामक युवक आया और बिना कारण ठेला हटाने को लेकर विवाद करने लगा। समझाने का प्रयास किया तो गाली-गलौज शुरू कर दी। साथियों मौके पर बुला लिया।

---

### प्रशासन से सर्वे कराकर राहत दिलाने की अपील, ज्ञापन सौंपा

# ओलावृष्टि से फसल बर्बाद, किसानों ने कर्ज माफी व मुआवजे की मांग की



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

जिले में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। कई क्षेत्रों में 80 प्रतिशत तक नुकसान होने की बात सामने आ रही है, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

इसको लेकर प्रभावित किसानों ने प्रशासन से कर्ज माफी एवं उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है। किसानों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जिन किसानों की फसलें ओलावृष्टि से पूरी तरह या अत्यधिक क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनके संपूर्ण कर्ज को माफ किया जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को भरण-पोषण एवं राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई जाए। किसानों ने मांग की है कि तत्काल लेखपाल, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा गांव-गांव जाकर सर्वे कराया जाए, ताकि वास्तविक नुकसान का आंकलन कर शीघ्र मुआवजा वितरित किया जा सके।

ज्ञापन में प्रशासन से जल्द से जल्द राहत कार्य शुरू करने की अपील की गई है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते मदद नहीं मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। ज्ञापन देते समय एड. हरदयाल सिंह लोधी, कैलाश नारायण, जानकी प्रसाद बौद्ध, देवसिंह राजपूत, शशिकान्त लोधी, गजराज, प्रभुदयाल, कैलाश, सुन्दरलाल, अजय सिंह, मंगल, परशुराम, प्रेम, सिरनाम, राघवेन्द्र, रानू विदुआ, अनुराग सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## गेहूं क्रय केंद्र न खुलने से आक्रोशित किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा



**ललितपुर।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र के किसानों की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। किसानों का आरोप है कि सरकारी घोषणा के बावजूद गेंहू क्रय केन्द्र शुरू नहीं हुए हैं, जिसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में संघ ने विस्तार से बताया कि जिले में 17 मार्च से गेंहू क्रय केन्द्र चालू होने थे, जो आज तक (29 मार्च) शुरू नहीं हो सके हैं। इसके अलावा मंडी समिति द्वारा अघोषित रूप से मंडी बंद रखने के कारण किसान अपनी उपज वहां नहीं ले जा पा रहे हैं। मंडी बंद होने का फायदा उठाकर निजी व्यापारी किसानों से 2000 से 2200 प्रति क्विंटल के कम भाव पर गेहूं खरीद रहे हैं, जो सीधे तौर पर किसानों की लूट है। बैंक बंद होने के कारण किसानों के पास फसल कटाई और मड़ाई के लिए नकदी का अभाव हो गया है। डीजल और गैस की कमी की अफवाह फैलाकर बाजार में आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा दिए गए हैं, जिससे आम किसान त्रस्त है। भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से गेंहू क्रय केन्द्रों को तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए और मंडी को सुचारू रूप से खोला जाए, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित कर व्यापारियों की मनमानी पर रोक लगे, किसानों को कटाई हेतु आवश्यक नकदी या ऋण की व्यवस्था कराई जाए, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का उचित मुआवजा शीघ्र दिलाया जाने की मांग उठायी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह बुंदेला, प्रांत उपाध्यक्ष केहर सिंह बुंदेला, हरिओम राजपूत, कृष्णकांत कांत और अन्य पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

---

### स्वरोजगार प्रदान करने का प्रयास

# सेवामित्र पोर्टल गूगल एप पर उत्तम सेवाएं मिलेंगी

- सेवा प्रदान करने वाले सेवाप्रदाता भी सेवामित्र पोर्टल से जुड़ सकते हैं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

कौशल को काम, जनसामान्य को आरामह के तहत प्रदेश के कुशल पेशेवरों को स्वःरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उत्तरप्रदेश ने सेवामित्र पोर्टल गूगल एप लाँच किया है। इसके द्वारा नागरिकों को उत्तम सेवायें उचित दर पर उनके द्वार पर ही उपलब्ध हो जायेंगी।

पोर्टल से विभिन्न कार्य जैसे इलैक्ट्रिक रिपेयरिंग, ए.सी. सर्विस, कारपेन्टर , साफ-सफाई, आरओ सर्विस, प्लम्बर, ब्यूटिशियन, डे-वर्क के साथ-साथ प्रोजेक्ट वर्क के स्टार्टअप टैक्सी सर्विस, निर्माण कार्य, कैटरिंग सर्विस, पेन्टिंग सर्विस, इन्टीरियर डिजाइन/आर्किटेक्ट, इलैक्ट्रीकल वर्क्स, कारपेन्टर वर्क्स, टेन्ट सर्विस, बैनर-होर्डिंग प्रिन्टिंग इत्यादि की सेवाएं पूर्व से दी जा रहीं हैं। इसी क्रम में जनपद के समस्त सेवाप्रदाताओं को सूचित किया जाता है कि अब डॉगवाकर, बेबीशीटर, इवेन्ट प्लानर, केयर गिवर, एवं ड्राइवर जैसी सेवा प्रदान करने वाले सेवाप्रदाता भी सेवामित्र पोर्टल से जुड़ सकते है। अतः जनपद के समस्त नागरिकों एवं सेवाप्रदाताओं को अवगत कराना है कि वे सेवायोजन विभाग के पोर्टल अपना पंजीकरण कराकर उपरोक्त सुविधा का लाभ ले सकते है। साथ ही सेवा प्रदाताओं को सूचित करना है कि सेवा मित्र व्यवस्था के अन्तर्गत सेवाप्रदाताओं से विभाग द्वारा लिये जाने वाला दस प्रतिशत शुल्क अब नहीं लिये जाने का निर्णय लिया गया है। सेवा मित्र पोर्टल से नागरिकों एवं विभिन्न सरकारी/अर्धसरकरी विभागों एवं उनके अन्तर्गत संस्थानो द्वारा विभिन्न प्रकार की सेवाएं विभिन्न माध्यमों से, जो कार्य जैम पर उपलब्ध नही है नैत्यिक आवश्यकता की तात्कालिका के दृष्टिगत अनिवार्य रूप से सेवामित्र पोर्टल, एप, कॉल-सेन्टर से टोल फ्री नं पर सीधे बुकिंग की जा सकती है। समस्त जनपद वासी एवं कार्यालयाध्यक्ष उपरोक्त सेवाओं को सेवामित्र पोर्टल की वेवसाइट पर या गूगल प्लेस्टोर से एप को डाउनलोड कर अथवा सेवामित्र कॉल-सेन्टर के टोल फ्री नं पर बुकिंग कर सकते हैं एवं सुविधाओं का घर बैठे लाभ ले सकते है। पोर्टल से सम्बन्धित जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

---

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने पथ संचलन निकाला

# युवाओं में राष्ट्रभक्ति आवश्यक : रविशंकर



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा युवाओं का पथ संचलन तुवन मंदिर से निकाला गया, जो घण्टाघर होते हुए वीर सावरकर चौराहा, तालाबपुरा होते हुए वापस तुवन मंदिर पहुंचा। सभी स्वयंसेवक पंक्ति बद्ध होकर चल रहे थे। मार्ग में अनेक शुभचिंतकों द्वारा फूल बरसाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। तुवन मंदिर पर एकत्रित स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कानपुर प्रान्त के सामाजिक समरसता प्रमुख रविशंकर गुप्ता ने कहा कि संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण की कार्यशाला है। पथ संचलन शाखा का प्रकटीकरण है। शौर्य, पराक्रम, अनुशासन समाज में निर्माण हो यही पथ संचलन का उद्देश्य है। कदम से कदम मिलने से मन मिलते हैं। हमें भारत माता को पुनः विश्वगुरु पद पर बैठाना है। आज संघ के अनेक संगठन समाज में कार्य कर रहे हैं। समाज में अनेक सेवा कार्य संघ के स्वयंसेवक कर रहे हैं, लेकिन कोई प्रचार प्रसार नहीं करते। इस अवसर पर नगर संघचालक जितेंद्र वैद्य, मनोज तिवारी समेत सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

---

### गाईयाघाट टीकरा तिवारी में आयोजन किया

# बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



जिले के ग्राम टीकरा तिवारी स्थित गाईयाघाट पुनर्वास स्थल पर भारत रत्न डा.भीमँराव अम्बेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्रभर से भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन स्थल जनसैलाब में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का आयोजन डा.भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की। संचालन दीपक कुमार अहिरवार एवं मंच संचालन रामदयाल मनहर ने किया। प्रतिमा अनावरण के साथ ही पूरा परिसर जय भीम के नारों से गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग समानता, न्याय और भाईचारे पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में चंद्रशेखर, जयराम सिंह निरंजन, भागीरथ बरुआ, बसंती लारिया, गंधर्व सिंह लोधी, बृजेंद्र कक्कर, कैलाश नारायण कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा व आशीष रावत, दीपक गौतम, नंदलाल, श्याम बिहारी (अध्यापक), बृजेश पहाड़ी, बृजभान सिंह यादव, एड.हरदयाल सिंह लोधी, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष रमाकांत चौधरी, मोतीलाल गौतम, संजय कुमार चौधरी, रामदयाल मनहर, शालिनी सिंह, लक्ष्मण अहिरवार, मूलचंद अहिरवार, सूर्यकला प्रकाश अहिरवार, नीरज तिवारी, अजय यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक एवं ग्रामीणजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

आयोजन समिति ने इसे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता, एकता और समरसता को मजबूत करते हैं। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

---

### 17 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों व 1 सीडीपीओ कार्यालय का लोकार्पण

# 13 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 233 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



प्रदेश कमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 69,804 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 02 लाख ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण, 18,440 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं 450 करोड़ की लागत से 3,170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण, शिलान्यास किया गया। जनपद स्तर पर उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थित एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में दिखया गया। सजीव प्रसारण के उपरान्त जनपद-ललितपुर में 17-नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों एवं नवनिर्मित बाल विकास परियोजना कार्यालय भवन, तालबेहट का लोकार्पण तथा नवचयनित 13 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 233 सहायिकाओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के हर परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पालन पोषण का निरंतर ध्यान रखते हैं। आज देश एवं प्रदेश में किसी भी नियुक्ति अथवा भर्ती प्रक्रिया में कोई पक्षपात नहीं है, संपूर्ण प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी एवं निष्पक्ष है। सरकार पूरी तरह से सबका साथ-सबका विकास की भावना से कार्य कर रही है, हर व्यक्ति को उसकी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार लाभ सरकार द्वारा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपद में 13 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व 233 सहायिकाओं की नियुक्ति की गयी है। नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के माध्यम से गर्भवती माताओं को उनके स्वास्थ्य संबंधी देखरेख में सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ, विधायक सदर रामरतन, अध्यक्ष जिला पंचायत कैलाष निरंजन, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों में चन्द्रशेखर पंथ व अधिकारियो में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी देवेन्द्र कुमार निरंजन आदि मौजूद रहे।


---

# जय अंबे रक्तदान समिति ने आदिवासी बच्ची सहित पांच लोगों की मदद की

**ललितपुर।** बरसों से जरूरतमंदों की मदद करती चली जा रही जय अंबे रक्तदान समिति ने पांच जरूरतमंदों को दिया पुनः जीवनदान जिले के मेडिकल कॉलेज मे भर्ती मध्य प्रदेश शिवपुरी तहसील खनियांधाना के ग्राम सुलार खुर्द बामोर कला निवासी पूनम आदिवासी बच्ची का रक्त के अभाव मे इलाज किया जाना कठिन हो रहा था डॉक्टर ने बच्ची के साथ उसके पिता से ब्लड की व्यवस्था करने के लिए कहा बच्ची पूनम के पिता ब्लड बैंक पहुंचे जहां पर बच्ची के ब्लड ग्रुप के बदले मे ब्लड मांगा गया मगर दुर्भाग्य था की बच्ची के पिता बदले मे ब्लड देने मे सक्षम नही थे और वह दिन भर से ब्लड के लिए परेशान हो रहे थे समिति के सदस्य मनीष लखेरा ने समिति को सूचना देकर पूरी स्थिति से अवगत कराया समिति ने ब्लड बैंक पहुंचकर आदिवासी बच्ची पूनम को ब्लड उपलब्ध कराया इसके पश्चात बच्ची का आगे का इलाज शुरू हो सका तो वही मेडिकल कॉलेज मे भर्ती 10 वर्षीय बच्चा आयरन परिहार ग्राम पड़ोरिया बिरधा को गंभीर बीमारी के चलते शरीर का हीमोग्लोबिन अत्यधिक काम हो गया डॉक्टर के कहने पर पिता ने एक यूनिट ब्लड दे दिया था इसके बावजूद 10 वर्षीय आयरन के स्वास्थ्य मे सुधार नही होने पर डॉक्टरों ने एक और यूनिट ब्लड की व्यवस्था करने को आयरन के पिता से कहा गया आयरन के पिता और उसकी दादी दिन भर से ब्लड के लिए काफी परेशान हो रहे थे विजय पटेल ग्राम प्रधान पड़ोरिया की सूचना पर समिति ने एक यूनिट ब्लड का सहयोग किया और वही मड़ावरा निवासी महिला मरीज गुड़िया पत्नी पंकज जैन को रक्त की आवश्यकता पड़ जाने पर समिति ने एक यूनिट ब्लड की मदद की और विवेक दर्रोनिया पार्षद नेहरू नगर की सूचना पर गर्भवती महिला मरीज रानी देवी पति दीपचंद धानुका ग्राम खंडोवरा को प्रसव पीड़ा होने पर महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया महिला का रक्त के अभाव मे प्रसव होना असंभव हो रहा था समिति ने तत्काल गर्भवती महिला रानी को रक्त उपलब्ध कराया इसके पश्चात गर्भवती रानी ने स्वस्थ और सुंदर सु को जन्म दिया और भाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती लक्ष्मण कुशवाहा को गंभीर बीमारी के कारण तत्काल ब्लड की आवश्यकता थी।

---

# सदनशाह के 108वें उर्स का आज आगाज होगा



**ललितपुर।** सूफी संत हजरत बाबा सदनशाह रहमतुल्लाह अलैह का 108वां सालाना उर्स अपने पूरे शबाब पर है। आज रात से इस रूहानी सफर का आगाज एक विशाल ऑल इंडिया मुशायरे से होने जा रहा है। 1 अप्रैल से कव्वालियों का दौर शुरू होगा। 4 अप्रैल को सामूहिक विवाह (इज्तिमाई निकाह) के साथ संपन्न होगा।

उर्स कमेटी के जनरल सेकेट्री मोहम्मद नसीम ने बताया कि मुशायरे में अपनी शायरी का जादू बिखेरने के लिए शिरकत कर रहे हैं जिसमें शायरशकील आजमी (मुंबई) मशहूर फिल्म गीतकार, नदीम देवबंद प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय शायर, हाशिम फिरोजावादी अपनी खास शैली के लिए प्रसिद्ध। इब्राहीम अली जीशान (जयपुर) राजस्थान की बुलंद आवाज, कमर अब्बास (लखनऊ) अदबी शहर लखनऊ के नुमाइंदा शायर डा.जलीलुर्रहमान (बुरहानपुर) संजीदा शायरी के हस्ताक्षर मुकेश आलम (लुधियाना, पंजाब) पंजाबी और उर्दू का संगम, मोहन मुन्तजिर (नैनीताल) वादियों की ताजी हवा जैसे कलाम, इस्माइल नजर (देवास) मालवा के मशहूर शायर। असरार चंदेरवी बुंदेलखंड की शान, शाहनवाज असीमी (उज्जैन, रूहानी कलाम के माहिर नूर धौलपुरी (धौलपुर) जज्बाती शायरी के फनकार, निजामत अल्तमस अब्बास उभरते हुए युवा शायर। अबरार दानिश (मोहदा) अपनी बेबाक शायरी के लिए जाने जाते हैं। कन्वीनर करीम असर ललितपुर रहेंगे। मुशायरे के बाद 1 अप्रैल से 3 अप्रैल तक कव्वालियों का सिलसिला चलेगा। मुंबई के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त टीवी सिंगर जुनैद सुल्तानी कलाम पेश करेंगे।

### तीस जोड़ों का निकाह होगा

जब इज्तिमाई शादियां (सामूहिक विवाह) आयोजित की जाएंगी। अब तक 30 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। कमेटी के सदर ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त जनपदवासियों से सहयोग की अपील की है।

---

### त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा

# अफसरों को निर्देश, सुरक्षा व कानून-व्यवस्था पर जोर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में एसपी ने गूगल मीटिंग से जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, शाखा व चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी महावीर जयंती, हनुमान जयंती एवं हजरत बाबा सदनशाह के सालाना उर्स को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जुलूसों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा पोस्टर और क्लस्टर पार्टियों की ड्यूटी लगाकर संवेदनशील क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी जाए। उर्स के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिस बल की तैनाती, पेट्रोल-डीजल के अवैध परिवहन व कालाबाजारी पर रोक लगाने तथा अंतर्राज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने गूगल मीट के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। साथ ही ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवैध जुआ-सट्टा गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई करने को कहा गया। इसके साथ ही यक्ष एप की एसओपी का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं वांछितों पर प्रभावी निगरानी रखने की बात कही गई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखें।

### जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजा शहर, डीजे के साथ यात्रा निकाल निशान लेकर पहुंचे

# कामदा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के एक लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर के एबी रोड अरन्या पुल के पास बने श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार को कामदा एकादशी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्र से बाबा खाटू ष्याम के दर्षन करने के लिए 1 लाख से अधिक श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। बाबा के भक्त दूर दराज से डी.जे की धून पर यात्रा निकालते हुए निषान लेकर मंदिर पहुंच खाटू श्याम को चढ़ाया गया।

**51 किलो फूल से किया बाबा का श्रृंगार**

ग्यारस पर्व के लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का श्रृंगार करने के लिए उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके बाद दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का आयोजन किया गया। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**बाबा का निशान लेकर निकाली यात्राएं**

इस अवसर पर कई गांवों और मोहल्लों से निशान यात्राएं निकाली गईं। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

**भीड़ को देख प्रशासन ने बढ़ाया पुलिस बल**

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल सतर्क रहा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी।

**कामदा एकादशी का एक अलग महत्व**

हिन्दू धर्म में कामदा एकादशी का विशेष महत्व है। इसे नववर्ष की पहली एकादशी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। खाटू श्याम मंदिर में आयोजित यह पर्व भक्ति और उत्साह से भरा रहा। बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा यह जनसैलाब श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बना।



### किसान की सालभर की मेहनत राख में बदली

# कोडिया जागीर गांव में खेत में भड़की आग, 8 बीघा गेहूं की खड़ी फसल खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

खुजनेर थानांतर्गत ग्राम कोडिया जागीर में एक खेत में गेहूं में बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से करीब 8 बीघा की फसल जलकर खाक हो गई। जानकारी के मुताबिक किसान परमानंद पिता भेरुलाल पाटीदार के खेत में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पकी हुई गेहूं की सुनहरी फसल कुछ ही मिनटों में काले धुएं और राख के ढेर में तब्दील हो गई। आग की लपटें देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और नगर परिषद को दी। सूचना मिलते ही खुजनेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड और पुलिस बल मौके पर पहुंचकर बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों के साहस से आग पर काबू पाया गया। यदि समय रहते नियंत्रण नहीं होता, तो आसपास के सैकड़ों बीघा में खड़ी फसलें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं।



**15 बीघा में से आधी फसल जलकर नष्ट**

पीड़ित किसान ने बताया कि उनके कुल 15 बीघा खेत में गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी थी। इस हादसे में करीब 7 से 8 बीघा की फसल पूरी तरह जल गई है। जिससे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि फसल का उचित सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए।

**बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी**

हालांकि गेहूं के खेत में लगी भयानक आग के कारण प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसकी चिंगारी सूखी फसल पर गिरी और भयानक आग धधक उठी बिजली के तार इतने नीचे है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता विद्युत विभाग इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझते है शॉट सर्किट की वजह से किसान की पूरी मेहनत खाक हो गई है।

# 'संकल्प से समाधान' अभियान में 53 शिकायतों का निराकरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व में जिलेभर में लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए "संकल्प से समाधान" अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को थाना सारंगपुर परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा तथा राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार गोपाल चैहान एवं आरआई की उपस्थिति में आवेदक एवं अनावेदक पक्षों की सुनवाई की गई। शिविर में राजस्व एवं घरेलू विवाद से संबंधित कई लंबित शिकायतों का निराकरण किया गया, जिनमें वर्ष 2025 से लंबित प्रकरण भी शामिल थे। अभियान के तहत दोनों पक्षों को थाने बुलाकर आपसी समझाइश से मामलों का समाधान कराया गया। शिविर के दौरान वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त 30 शिकायतों एवं स्थानीय स्तर की 23 शिकायतों सहित कुल 53 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इनमें से लगभग 5 प्रकरणों में आपसी राजीनामा भी हुआ। आवेदक एवं अनावेदक पक्षों ने पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की। साथ ही पुलिस द्वारा आमजन को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता रहेगा।

# जन अभियान परिषद ने खोली निशुल्क प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जनसेवा की पहल करते हुए निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ नवांकुर संस्था सडावता द्वारा भाटखेड़ी जोड़ पर स्थापित किया गया। जहां राहगीरों और ग्रामीणों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की व्यवस्था लोगों के लिए राहत प्रदान करती है।

कालीपीठ गांव से विधायक को मिली थी शिकायत

# बगैर ऑपरेटर चल रही थी जल जीवन मिशन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़


हर घर, नल से जल पहुंचाने सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना की मॉनिटरिंग ही जल जीवन मिशन के अधिकारी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के बहुत से ग्रामों में समय पर नल नहीं आ पा रहे हैं वहीं कई जगह बहुत कम प्रेशर से नलों में पानी आ रहा है।

इसी तरह की एक शिकायत क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव को कालीपीठ क्षेत्र से मिली थी। इस पर उन्होंने जल निगम के महाप्रबंधक को वस्तुस्थिति पता करने के निर्देश दिए। विधायक के निर्देशों के बाद जब मेसर्स एलएण्डटी कंपनी के स्टेट हेड शेख अहमद कालीपीठ पहुंचे तो उन्हें मालूम हुआ कि ग्राम पंचायत समिति द्वारा अभी तक कोई स्थाई ऑपरेटर ही नियुक्त नहीं किया है जो निर्धारित समय पर वाल्व खोल एवं बंद कर सके। इसी कारण के चलते गांव के कुछ मोहल्लों में जलापूर्ति सुचारू हो रही थी वहीं कुछ क्षेत्रों में कम प्रेशर से पानी पहुंच पा रहा था। नल के वाल्व कभी खोले जा रहे थे तो ध्यान नही नहीं दिया जा रहा था।



इस पर जल निगम के अफसरों ने प्रेशर संबंधी समस्या के त्वरित समाधान एवं नियमित संचालन के निर्देश प्रदान किए ताकि ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# स्वर्णकार समाज की कार्यकारिणी में जगदीश बने मीडिया प्रभारी



**राजगढ़।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नगर अध्यक्ष भगवत प्रसाद सोनी ने नगर कार्यकारिणी घोषित की है। इस कार्यकारिणी में संदीप सोनी चाठा, सुरेश सोनी करेड़ी, दिनेश सोनी चाटूखेड़ा, नीतेश सोनी राजगढ़, गजेंद्र सोनी करेड़ी को उपाध्यक्ष बनाया गया। सचिव का दायित्व मोहन सोनी पीडल्यूडी को सौंपा गया। इसके साथ ही जगदीश सोनी मीडिया प्रभारी बनाए और सह-सचिव की जिम्मेदारी राजेंद्र सोनी राज करेड़ी एवं दीपक सोनी राजगढ़ को दी गई है। सामाजिक आयोजन मुख्य व्यवस्थापक पद पर अमित सोनी जड़िया एवं मनोज सोनी को बनाया गया है।लोगों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी।

# जिले में चना-मसूर उपार्जन के लिए 14 केंद्र निर्धारित

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा पर जिले में 14 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जारी आदेशानुसार बीनागंज अंतर्गत विपणन सहकारी संस्था मर्यादित बीनागंज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 2 बीनागंज, तहसील कुंभराज अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. कुंभराज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक A1 कुंभराज, तहसील मधुसूदनगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. डोंगर मोतीपुर उपार्जन स्थल श्रीराम वेयर हाऊस मधुसूदनगढ़, तहसील राघौगढ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. गावरी उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 1 राघौगढ, तहसील गुना अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. पगारा उपार्जन स्थल मंजू शर्मा वेयर हाऊस बीलावावड़ी, सेवा सहकारी समिति मर्या. धमनार उपार्जन स्थल रामकृपा वेयर हाऊस डूंगासरा, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित गुना उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक-सी1 नानाखेड़ी एवं सेवा सहकारी समिति मर्या. नानाखेड़ी उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 19 बिलोनिया, तहसील बमोरी अंतर्गत बमौरी सेवा सहकारी समिति मर्या हमीरपुर उपार्जन स्थल हरि राधा वेयर हाउस भौंरा बमौरी, तहसील आरोन अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. सालय उपार्जन स्थल पटेल वेयर हाउस रामपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या. मूडराखुर्द उपार्जन स्थल प्रेम वेयर हाउस रामपुर, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आरोन उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाउस क्रमांक-2 आरोन, सेवा सहकारी समिति मर्या पनवाड़ी हाट उपार्जन स्थल गोपाल वेयर हाउस बरोद तथा सेवा सहकारी समिति मर्या. देहरी कलां उपार्जन स्थल मुस्कान वेयर हाउस रामपुर निर्धारित किया गया हैं।

### जल गंगा सर्वधन अभियान

# विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बीएस डब्लू तथा एमएस डब्लू कक्षा के छात्र-छात्राओं ने "जल गंगा सर्वधन अभियान" के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ ली। छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांवों में जाकर लोगों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक करेंगे, स्वयं भी जल बचाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके पश्चात ग्राम तारागंज में अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और "जल की हर बूंद अमृत है" जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया, सारंगपुर सेक्टर की नवांकुर समिति से रामविलास लोदी, मेंटर पवन सिंह बैस, फूलसिंह नागर, रेखा नागर, दिनेश बामनिया, ललित मालवीय सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन**



**खिलचीपुर।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दूंदाहेड़ी में 5.35 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क एवं 25 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन शनिवार को विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बालचन्द दांगी, पूर्व जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गौड़, जिला सह कोषाध्यक्ष मण्डल महामंत्री भारतसिंह तोमर, सरपंच संघ अध्यक्ष बलवंतसिंह सिसोदिया सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**बिजली कर्मचारियों ने किया चक्काजाम, एफआईआर दर्ज करने के बाद हटे**

**माचलपुर।** बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा समीपस्थ ब्राहमण गांव में शनिवार को वसूली करने के लिए पहुंचे थे। जहा पर बिजली कर्मचारी ज्ञानसिंह दांगी ने गांव के पटेल प्रभूलाल दांगी से बिजली का बकाया जमा करने के लिए बोला तो पटेल ने आक्रोष में आकर कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस थाना पहुंच गया। लेकिन पुलिस द्वारा समय पर एफआईआर नहीं लिखने के कारण विघुत विभाग के कर्मचारियों ने आक्रोष में आकर पचोर-सोयत स्टेट हाईवे का जाम कर दिया। करीब आधे घण्टे तक चले चक्काजाम के पुलिस के समझाइश के बाद खोला गया और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामला जांच में लिया।



# हनुमंत जन्मोत्सव पर गिरीराज भक्त मंडल ने दंडवत परिक्रमा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के गिरिराज भक्त मंडल के तत्वावधान में पहली बार दण्डवत परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। दंडवत परिक्रमा प्रातः छापीहेड़ा नाका स्थित हटीले हनुमान मंदिर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने पूजा अर्चना करके प्रारंभ करवाई। दंडवत परिक्रमा यात्रा हटिले हनुमान मंदिर पचोर नाका से शुरु होकर श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर , हनुमान मंदिर किशनगढ़, बालाजी मंदिर बुधवारिया बाजार, बाग वाले हनुमान मंदिर परोलिया रोड, खांड़ी वाले बालाजी मंदिर ,गोप चैहानजी हनुमान मंदिर, हनुमान जी बस स्टैंड मंदिर, चामुंडा माता पुनःहटिले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ। दण्डवत परिक्रमा यात्रा में शामिल भक्त भगवान के जयकारे एवं भजन कीर्तन करते चल रहे थे। इस बीच नगरवासियों ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश बिहारी नागर, पं. कमल बिहारी नागर, गिरीराज भक्त मण्डल सदस्य हेमन्त जोशी, पवन कुशवाह, मुकेश पुष्पद टेक्सी, शिव मण्डलोई, ओमप्रकाश सेन सहित अन्य भक्त शामिल रहे।



श्रद्धालु भक्तों ने मध्य मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं पेय पदार्थ से स्वागत किया।

### सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं, मधुर व्यवहार रखें

# भाजपा का प्रशिक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं को दी संगठन मजबूती की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

नगर में भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का समापन रविवार को हुआ। पार्टी संगठन के निर्देशानुसार मार्केटिंग सोसायटी परिसर में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शनिवार का षुभारंभ विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं अभियान जिला प्रभारी जगदीश पंवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले गांव, गरीब एवं नगरों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ा गया, जिससे आज अधिकांश गांव सड़कों से जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष कार्यों में वन विभाग की आपत्तियां प्रमुख बाधा बनी हुई हैं। कृषि क्षेत्र में सुधार कर खेती को लाभ का धंधा बनाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया। जिससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और भूमि की उत्पादकता भी बढ़ी है। "लाड़ली बहना योजना" के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रत्येक विधायक को 15 करोड़ रुपए की राशि विकास कार्यों के लिए दी जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चैपाल स्तर पर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज के हर वर्ग से मधुर व्यवहार रखें। साथ ही उन्होंने सांसद, मंत्री, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के घर जाकर संवाद करें, जिससे संगठनात्मक मजबूती बढ़ेगी।






प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। पहले सत्र की अध्यक्षता घनश्याम गर्ग ने की, जिसमें मुख्य वक्ता ज्ञान सिंह गुर्जर ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में जगदीश पवार ने बूथ प्रबंधन एवं "मन की बात" कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। संचालन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी और आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई एवं रवि मीना ने माना।

# थाना व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखने पहुंचीं एसपी

**गुना।** जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा दिनांक 28 मार्च 2026 की रात्रि में थाना आरोन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न महत्वपूर्ण भागों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, मालखाना, हवालात, रोजनामचा, एचएच/गुंडा रजिस्टर एवं अपराध पंजी आदि सहित लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, स्वच्छता व्यवस्था तथा थाने की समग्र कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आम नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। महिला संबंधी अपराधों एवं लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक ने रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। साथ ही, ड्यूटी के दौरान अनुशासन, जिम्मेदारी एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे बनाए रखने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सक्रिय कार्यशैली अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना भी की गई।